

# सिविल अस्पताल ...नींव के दिन ही दूंगा 5 लाख रुपए

## मेवरा ने बुलाई महा पंचायत



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 12अगस्त।** श्योपुर जिले की विजयपुर तहसील मुख्यालय पर स्वास्थ विभाग द्वारा स्वीकृत सिविल अस्पताल के लिए विजयपुर से करीब 7 किलोमीटर दूर लाड़पुरा में स्थल चयन का विरोध अब परवान पर है.प्रशासन द्वारा चयनित स्थल को बदलने की मांग को लेकर विजयपुर में 12 अगस्त मंगलवार के दिन पूर्व विधायक बाबू लाल मेवरा के द्वारा महा पंचायत बुलाई गई.विजयपुर प्रभु उत्सव वाटिका में आयोजित हुई विशाल महापंचायत में विजयपुर क्षेत्र के लोग करीब 50 गांव से हजारों की तादात में इकठ्ठा होकर आरपार की लड़ाई के लिए आगे की रणनीति का फैसला किया गया. इस विशाल महापंचायत में करीब 2 हजार लोगों की भीड़ देखने को मिली. इस विशाल महापंचायत में पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत पूर्व ,विधायक बाबूलाल मेवरा समेत कई दिग्गज नेता और 50 गांव के ग्रामीण मौजूद रहे । इस विशाल महापंचायत में बैनीपुरा गांव निवासी समाजसेवी आशु शर्मा ने यह ऐलान कर दिया कि विशाल महापंचायत में मौजूद लोग आश्चर्य हो गए, उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि अगर पुराने अस्पताल भवन में नया भवन बनाया जाता है तो वह खुशी से 5 लाख रुपए की राशि निर्माण एजेंसी को देंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है. सरकार लगातार विकास के लिए करोड रुपए खर्च कर रही है परंतु जिले में बैठे जिम्मेदार उसे राशि को ठिकाने लगाने में लगे हुए हैं। वही दूसरी ओर पुलिस विभाग के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह जादौन ने भी घोषणा करते हुए कहा कि जब क्षेत्र के युवा इतना योगदान दे रहे तो मे भी दूसरी ईट जब हॉपिटल की रखी जाएगी तो मे भी 1 लाख रुपए दान दूंगा।

जब सिविल अस्पताल के निर्माण कार्य की पूरी तैयारी तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा पुराने अस्पताल पर ही सिविल अस्पताल बनानी तैयारी हो गई तो फिर अचानक हवा में ही दूसरा निर्णय लेकर सिविल अस्पताल को बंधपुरा की तरफ क्यों ले जा रहे हैं कुछ न कुछ तो गडबड है इसके लिए हम नगर की भावनाओं से खिलवाड़ नहीं देख सकते हैं में तो आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए ही हूं और उन्हीं के साथ रहूंगा और मेरे जीते जी अस्पताल बंधपुरा तो नहीं बन सकता है बनेगा तो सिर्फ पुराने अस्पताल की जगह पर ही इसके लिए चाहे मुझे जेल से लेकर जान तक देनी पड़े तैयार हूं क्योंकि मुझे इसी जनता ने दो बार विधायक बनाया है इसलिए जनता के हितों के खिलाफ में कभी भी समझौता नहीं कर सकता हूं हमने बहुत सब्र किया जब कुछ लोग जेल ले गए , आईटीआई कॉलेज को ले गए , सांदीपनि विद्यालय को भी ले गए एवं न्यायालय भवन सहित थाना भी जाने वाला है फिर भी नगर की भोली-भाली जनता ने कुछ नहीं कहा लेकिन जब स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी शहर से बाहर ले जाएंगे तो यह बर्दाश्त नहीं होगा ।

**इनका कहना है...**

*अब तो तय हो ही गया है कि अस्पताल पुरानी जगह पर ही बनना है तो जब अस्पताल की पहली ईट रखी जाएगी तो उसी दिन में अस्पताल निर्माण हेतु 5 लाख रुपए अपनी स्वेच्छा से दान करूंगा।*
**आशु शर्मा समाजसेवी बेनीपुरा**

*जब क्षेत्र के युवा बढ़चकर हिस्से दारी कर रहे है पुरानी जगह पर ही हॉस्पिटल बनता है तो दूसरी ईट रखने पर 1 लाख रुपए में स्वेच्छा से दान करूंगा।*
**राजकुमार सिंह जादौन, रिटायर्ड उप निरीक्षक काठौन**

*मैं क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूँ कि उनकी उपस्थिति में विशाल महापंचायत आयोजित हुई और जनता के आशीर्वाद से सिविल अस्पताल विजयपुर में पुरानी जगह पर ही बनेगा। और जब तक निर्माण कार्य चालू नहीं हो जाएगा तब हमारा संघर्ष जारी रहेगा।*
**बाबू लाल मेवरा पूर्व विधायक**

# पानी छोड़ने से पहले कराई जाए क्षतिग्रस्त चंबल नहर की मरम्मत



## किसानों ने चंबल नहर मरम्मत को लेकर कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12अगस्त।** किसानों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर चंबल दाहिनी नहर की मरम्मत की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने बताया कि चंबल दाहिनी नहर किसानों की जीवन रेखा है, लेकिन नहर के क्षतिग्रस्त होने के कारण खरीफ की फसल, विशेषकर धान की पर सिंचाई संकट आ गया है। उन्होंने बताया कि कोटा बैराज बांध से राजस्थान की नहरों में पानी छोड़ा जा रहा है, ऐसे में यदि समय पर क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत नहीं कराई तो किसानों के खेतो तक पानी पहुंच पाएगा। इसके अलावा 35 गांवों की चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की टेस्टिंग भी पूरी हो पाएगी। ज्ञापन में किसानों ने मांग की कि जल संसाधन विभाग तुरंत मरम्मत कार्य शुरू करे और पानी छोड़े, ताकि किसानों की मेहनत और निवेश बर्बाद न हो। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने लापरवाही बरती तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पर जल संसाधन विभाग के ईई से फोन पर बात कर मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# स्कूली बच्चों सहित विजयपुर प्रशासन ने निकाली तिरंगा यात्रा



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 12अगस्त।** एसडीएम अभिषेक मिश्रा के मार्गदर्शन में विजयपुर और आसपास के क्षेत्रों में तिरंगा रैलियों का आयोजन किया गया। विजयपुर के हर गांव और कस्बे में तिरंगा रैलियों का आयोजन किया गया, जिनमें विभिन्न स्कूलों, स्व-सहायता समूहों, पंचायतों और नगर परिषद ने हिस्सा लिया। यह रैली एसडीएम अभिषेक मिश्रा की उपस्थिति में शुरू हुई, जिसमें शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, छात्र और छात्राएं शामिल हुए। रैली विजयपुर के सेमई रोड से शुरू होकर मण्डी, गांधी चौक, इमली चौराहे होते हुए अस्पताल तक पहुंची। रैली के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा और लोगों में देश के प्रति गर्व का अहसास हुआ। इस दौरान रैली में प्रमुख रूप से एसडीएम अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर, बीईओ हरिशंकर गर्ग, बीआरसीसी अशोक शर्मा, थाना प्रभारी राकेश शर्मा, महिला बाल विकास विभाग की ज्योति चतुर्वेदी सहित अन्य विकास खंड के अधिकारी, शिक्षक, और शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## तिरंगा यात्रा का आयोजन विजयपुर में

स्वतंत्रता दिवस से पूर्व 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत विजयपुर में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। सेमई तिराहे से प्रारंभ होकर नगरभर में निकली । तिरंगा यात्रा के समापन. के उपरांत देश के जवान वीर पूर्व सेनिकों का सम्मान किया गया।





## विजयपुर में ब्रह्माकुमारी बहनों ने रक्षाबंधन पर बांधे रक्षा सूत्र

विजयपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, विजयपुर के तत्वाधान में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी शशि बहन के नेतृत्व में शहर के प्रमुख अधिकारियों और कर्मचारियों को रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। ब्रह्माकुमारी शशि बहन ने बताया कि रक्षाबंधन के पहले दिन संस्था के कार्यालय सभागार में भाई-बहनों ने एकत्रित होकर रक्षा सूत्र बांधकर इस त्योहार की शुरुआत की।

# खंडार रेंज में पहुंची चीता ज्वाला, रेस्क्यू कर वापस लाया



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 12अगस्त।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के रणथंभौर अभयारण्य में पहुंची कूनो नेशनल पार्क की मादा चीता 'ज्वाला' को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू कर लिया गया। रेडियो कॉलर की मदद से लोकेशन ट्रैक करते हुए कूनो की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची, जहां विशेषज्ञों ने ज्वाला को बेहोश कर वाहन से सुरक्षित कूनो ले जाया गया। इसके पहले कूनो से रणथंभौर नेशनल पार्क में मादा चीता ज्वाला की एंट्री से लोगों की चिंता भी बढ़ गई थी। देर शाम ज्वाला को रणथंभौर पार्क क्षेत्र में देखा गया, जो एक दिन पूर्व मानपुर और काशीपुर (मध्यप्रदेश) में देखी गई थी। बताया जा रहा है कि देर शाम उसकी लोकेशन रामेश्वर त्रिवेणी संगम क्षेत्र में दर्ज हुई थी।

फतेहपुर गांव में गोवंश का शिकार करने के बाद ज्वाला सीप नदी पार कर बगदियां चंबल किनारे पहुंची। वहीं, मंगलवार अलसुबह राजस्थान के बहरावंडा कलां थाना क्षेत्र के करीरा गांव में उसने दो बकरियों का शिकार कर लिया। घटना के बाद से वह बकरियों के बाड़े के पास ही मौजूद रही। मौके पर मध्यप्रदेश के कूनो अभयारण्य की ट्रैकिंग टीम और राजस्थान वन विभाग की टीम उस पर नजर रख रही थी।

### वन विभाग ने किया था अलर्ट जारी

ज्वाला, कूनो नेशनल पार्क से निकलकर राजस्थान की सीमा में पहुंची थी, जिसके बाद दोनों राज्यों की वन्यजीव टीमें अलर्ट पर थीं। उसकी मूवमेंट पर सुरक्षा कैमरों और रेडियो कॉलर के जरिए 24 घंटे निगरानी रखी जा रही थी। वन विभाग ने कहा था कि फिलहाल वह सुरक्षित है, लेकिन रणथंभौर में पहले से मौजूद बाघों के साथ आमना-सामना होने पर खतरे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### नए क्षेत्र की तलाश में ज्वाला

सीसीएफ उत्तम शर्मा के अनुसार, यह मूवमेंट संभवत: ज्वाला के नए क्षेत्र की तलाश और शिकार की उपलब्धता से जुड़ा है। ऐसे मामलों में जंगली जीव अक्सर अपने पुराने क्षेत्र से निकलकर नए इलाकों में जाते हैं, जहां उन्हें पर्याप्त शिकार और अनुकूल वातावरण मिल सके। रणथंभौर का इलाका शिकार प्रजातियों से भरपूर है, जो ज्वाला को आकर्षित कर सकता है। ज्वाला का रणथंभौर आगमन वन्यजीव संरक्षण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बड़े मांसाहारी जीवों के क्षेत्र विस्तार और उनके व्यवहार पर नए अध्ययन का अवसर प्रदान करेगा। वहीं, पर्यटन के लिहाज से भी यह खबर उत्साहजनक है, क्योंकि चीतों का खुला विचरण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है।

### दोनों राज्यों की टीम कर रही थी निगरानी

मध्य प्रदेश और राजस्थान की वन विभाग टीमें सतर्कता बरत रही थीं। ग्रामीणों को भी सतर्क रहने और वन विभाग को किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत देने के निर्देश दिए गए थे। विभाग का मानना है कि अगर ज्वाला रणथंभौर में अधिक समय तक रहती है, तो उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रणनीति अपनानी होगी।

# संस्कृत सप्ताह के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन,श्योपुर के तत्वाधन में हुआ आयोजन

**श्योपुर ।** महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल एवं संस्कृत भारती, श्योपुर के तत्वावधान में संपूर्ण शिवपुरी जिले के शासकीय विद्यालयों में 6 अगस्त से 12 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। रक्षाबंधन के दिन, श्रावण मास की पूर्णिमा को संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है।

संस्कृत सप्ताह के प्रथम दिवस पर शिवपुरी जिले के मुख्य चैराहे से भव्य वाहन रैली निकालकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, संस्कृत श्लोक गायन, संस्कृत गीत प्रतियोगिता आदि का आयोजन हुआ। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शिवपुरी, सीएम राइज स्कूल, हाई स्कूल जेनी एवं शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय सोई में जिला संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी भुवनेश लक्ष्कार द्वारा संस्कृत वातावरण निर्माण हेतु संस्कृत गीत, कथा एवं प्रेरणात्मक उद्बोधन प्रस्तुत किए गए। साथ ही एक दिवसीय अभ्यास वर्ग भी लगाया गया जिसमें नवल राठौर, अभिषेक कलोनी, विशाल गौतम, सोनू जैन, जयप्रकाश राठौर, विशाल जाट, सोनू रावत सहित अन्य लोगों ने प्रशिक्षण लिए इसके साथ ही, संस्कृत भारती जिला शिवपुरी के तत्वावधान में एक दिवसात्मक अभ्यास वर्ग भी आयोजित हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं एवं संस्कृत शिक्षकों को संस्कृत संभाषण का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य सीताराम आदिवासी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, श्योपुर संतोष खंडेलवाल शासकीय सीएम राइज स्कूल राजेंद्र तोमर शासकीय हाई स्कूल, जेनी ने विद्यालयों में निर्मित संस्कृत वातावरण को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान एवं संस्कृत भारती के कार्यों की सराहना की।



# तिरंगा यात्रा ने समूचे जनमानस में देश भक्ति का वातावरण निर्मित कर दिया : तिवारी



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12अगस्त।** स्वाधीनता दिवस के तीन दिन पहले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन आज कस्वा उनाव में भी हुआ ।सेरसा गाँव से शुरू हुई तिरंगा यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।मुख्य कार्यक्रम स्थानीय हायर सेकंडरी स्कूल प्रांगड़ में आयोजित किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा संगठन के कद्दावर नेता व मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के पूर्व चेयरमैन आशुतोष तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में बांस शिल्प बोर्ड के पूर्व चेयरमैन व पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया व भाजपा नेता प्रमोद पुजारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश घरावा द्वारा की गई।

तिरंगा यात्रा बसस्टैंड,मुख्य बाजार, सूर्य मंदिर होते हुए बिभिन्न मार्गो से निकाली गई। जिसमे भाजपा कार्यकर्ताओं व स्कूली बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए आशुतोष तिवारी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता के बाद स्वाधीनता दिवस के जश्न के रूप में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा ने समूचे जनमानस में देश भक्ति का वातावरण निर्मित कर दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी के आवाहन मैं तिरंगे के सम्मान में यह तिरंगा शासकीय भवनों तक ही सीमित ना रहे हर घर तिरंगा पहुंचे आज उन्नाव में जो तिरंगा यात्रा निकाली गई है उसे सभी गांव तक संदेश पहुंचे एवं सभी लोग अपने घरों पर तिरंगा लहरा यह हमारा लक्ष्य है पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने कहा कि देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने बाले अमर शहीदों के बलिदान को भुलाया नही जा सकता है ।इसलिए इस प्रकार के आयोजन से जनजन को जोड़ने के लिए हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। मण्डल अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि विपक्षी दलों के जो नेता हैं भगवान भास्कर से में यह प्रार्थना करूंगा कि उनको सद्बुद्धि दें देश के हित में देश के सम्मान में हमारे नेताओं द्वारा हिंदुस्तान में यह अभियान चलाया जा रहा है हम सबके ध्यान में होगा जो ऑपरेशन सिंदूर चला है उसे पर भी सवाल खड़े करने का जो दुस्साहस विपक्षी दल करते हैं वह ना करें ।

# जिले में हर घर तिरंगा अभियान में कार्यक्रम हुए आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12अगस्त।** शासन की मंशानुरूप मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया अक्षय तेम्रवाल के निर्देश के परिपालन में जिले में 8 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वच्छता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत दतिया, सेवढ़ा एवं भाण्डेर के विभन्न ग्रामों धवारी, महेबा, चिरूला डेरा, बीकर, उनाव उद्दंवा, रावरी, लांच, मोहनाजाट, सेंगुवा, लखनपुर, नौनेर, गरैरा, बिलौनी खुर्द, खमेरा, सोफ्ता, आंसुली, विडंवा में स्कूल रैली के माध्यम से हर घर स्वच्छता, हर घर तिरंगा, जल जीवन मिशन को सफ्ल बनाने में ग्रामीणों की भूमिका एवं नियमित जलकर जमा करने का प्रचार प्रसार एवं बच्चों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के विधार्थी, सरपंच, विधालय के शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहयोग किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को तिरंगा वितरित किए गए और स्वच्छता एवं जलकर संबंधी पोस्टर लगाए गए।

# 190 से अधिक सुनी आवेदकों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**
**दतिया 12 अगस्त।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आज मंगलवार को न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 190 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

जन सुनवाई के दौरान ग्राम थैली निवासी विश्वनाथ जाटव द्वारा वृद्धावस्था पेंशन रूक जाने की शिकायत की। जिसका कलेक्टर श्री वानखडे द्वारा निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। ग्राम पखरा कमरारी निवासी दिस्सू अहिरवार द्वारा पेंशन राशि न मिलने की शिकायत की। ग्राम तरगुंवा निवासी फूलवती कुशवाहा पत्नि स्वर्गीय श्री रमाकांत कुशवाहा ने शिकायत की कि उसके ससुर द्वारा पति की मृत्यु के पश्चात् पैतृक भूमि परिवार के भाईयों को हस्तांतरित की जा चुकी है। जबकि उसको भरण पोषण हेतु कोई साधन नहीं छोड़ा कलेक्टर द्वार अनुविभागीय अधिकारी को जांचकर निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम इमिलिया स्थित शिक्षा नगर समस्त निवासी मोहल्ले में सड़क, नाली एवं सफाई व्यवस्था न होने के कारण होने वाली परेशानी की शिकायत लेकर कलेक्टर के पास पहुंचे जिसके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## कलेक्टर ने मत्स्य विभाग का निरीक्षण किया वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**दतिया।** कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखेड़े ने आज मंगलवार को मत्स्य विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने वाली विशेष मछली गैम्बूसिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। श्री वानखेड़े ने सर्कुलर हैचरी का निरीक्षण कर वहां हो रहे उत्पादन की प्रक्रिया जानी। सहायक संचालक मत्स्य श्री राजेश पाठक ने कलेक्टर को विभाग में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बायोफ्लॉक पद्धति के बारे में अवगत कराया। ज्ञात हो कि जिले में 3 बायोफ्लॉक निर्माणाधीन है,

जो मत्स्य उत्पादन में एक आधुनिक तकनीक है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ब्रीडिंग पूल और स्पॉनिंग पूल का भी अवलोकन किया और कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री वानखेड़े ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

# दतिया कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में हुए कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**
**दतिया 12 अगस्त।** मंगलवार को प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी महाविद्यालय दतिया में कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान कार्यक्रम के तहत तिरंगा रंगोली एवं भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अरविंद सिंह यादव के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ नवीन मगरैया द्वारा किया गया, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए संस्था की प्राचार्य डॉ जयश्री त्रिवेदी ने तिरंगे के महत्व और उसके प्रति जन सामान्य के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

रंगोली प्रतियोगिता की संयोजक डॉ भावना भटनागर के निर्देशन में चार छात्राओं ने भाग लिया जिसमें महक श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः प्रिंसी भार्गव एवं नैंसी सैनी रही। इसी प्रकार भाषण प्रतियोगिता के संयोजक डॉ राहुल श्रीवास्तव के निर्देशन में सात प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के महत्व पर भाषण दिया जिसमें नम्रता परमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः आशुतोष शर्मा एवं देवेश शर्मा रहे। प्रतियोगिता में विजेता छात्र छात्राओं को 15 अगस्त के दिन प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर डॉ नवीन मगरैया, डॉ शैलेन्द्र पाठक डॉ दुष्यंत यादव, डॉ रजनी सिंह, डॉ नाजिश शेख, डॉ प्रकाश चंद्र सुमन,डॉ चारु सिंह, डॉ हेमा केन, डॉ नीलम यादव, डॉ सौरभ पांडेय, डॉ ब्रजेश तोमर, डॉ राखी शर्मा, डॉ नीलम सिंह डॉ योगेश यादव उपस्थित रहे।

## भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



# युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाये : गुर्जर

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 12अगस्त।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरतगढ़ में मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि केदार सिंह गुर्जर ने विद्यालय के भैया बहिनों के मध्य अखंड भारत की प्रेरणादायक संकल्पना प्रस्तुत की। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति, एकता और अखंडता की महत्ता पर प्रकाश डाला और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधक मनोज गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि अखंड भारत न केवल एक ऐतिहासिक विचार है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और मूल्यों की भी पहचान है। साथ ही इस अवसर पर विद्यालय में मनाए गए 'संस्कृत सप्ताह' का विधिवत समापन भी किया गया। संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं कृ जैसे श्लोक पाठ, भाषण, संस्कृत निबंध लेखन, और गीत गायन कृ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहिनों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्यगण, भैया बहिनें उपस्थित रहे।